an>

Title: Need to restart unit of National Textiles Corporation at Chalisgaon, Maharashtra.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव) ः नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन, पश्चिमी क्षेत्र की एक इकाई, चालीसगांव टेक्सटाइल मिल, काफी समय से बंद पड़ी है। इसे चालू करने में अत्यधिक देरी होने के कारण इस मिल में काम करने वाले कर्मचारी और उनके परिवारों के हज़ारों सदस्य भुखमरी का सामना कर रहे हैं तथा वे लंबे समय से न्यायालय में लंबित मामले के फैसला आने तक इंतजार नहीं कर सकते। इस कारण इस क्षेत्र में बेरोज़गारी की समस्या ने काफी गंभीर रूप धारण कर लिया है। भुखमरी के शिकार इन कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों की जिंदगी बचाने के लिए यह जरूरी है कि इस मिल को शीघ्रातिशीघ्र चालू किया जाए।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि हम लोग इस संबंध में इस मामले से संबंधित अधिकारी, विभिन्न यूनियनों के नेता और स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं सांसद की एक बैठक कर चुके हैं, पर इस विषय में अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। मानवीय रूख अपनाते हुए आपस में परामर्श कर सौहार्दपूर्ण हल ढूँढने का प्रयास करें, ताकि नेशनल टेक्सटाइल मिल की इस बंद बड़ी इकाई को शीघ्रातिशीघ्र चालू किया जा सके तथा मिल के भुखमरी के शिकार बेरोज़गार कर्मचारियों और उनके परिवार के हज़ारों सदस्यों की जान बचाई जा सके।